भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी का कार्य विभिन्न प्रभागों, यथा– सामुदायिक प्रक्रियाएं, गुणवत्ता सुधार, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, में व्यवस्थित किया गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, आपको स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विविध क्षेत्र के लोगों की टीम के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे।

एनएचएसआरसी, संविदा में उल्लिखित अवधि के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन) की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के साहित्य की समीक्षा करना।
- परीक्षणों, अध्ययनों और उत्पाद पेकेज इन्सर्ट से प्रकाशित डेटा आंकड़ों के आधार पर प्रौद्योगिकियों की प्रभावकारिता संबंधी जानकारी एकत्र करना।
- मॉडल मापदंड तैयार करना और अनुसंधान के लिए प्राथमिक डेटा संग्रह कराना।
- प्रौद्योगिकी लागत और मूल्य निर्धारण पर डेटा/बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।
- द्वितीयक साहित्य पर आधारित प्रौद्योगिकियों के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करना।
- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों के कानूनी, नैतिक और सामाजिक प्रभावों की समीक्षा करना।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन रिपोर्ट लिखना।
- प्रभाग द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले या कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा वांछित अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- इंजीनियरिंग/जैव विज्ञान/चिकित्सा/नैदानिक अनुसंधान में स्नातक। सुसंगत विषय में स्नातकोत्तर उपाधि वांछनीय है।
- व्यवस्थित समीक्षा और स्वास्थ्य आर्थिक मॉडलिंग सहित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन का प्रशिक्षण/अनुभव
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्षों का सुसंगत कार्य अनुभव।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य या उपकरणों के परीक्षण पर प्रकाशित अध्ययनों का आर्थिक मूल्यांकन या मेटा विश्लेषण वांछनीय है।
- स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन रिपोर्टों के संकलन का पूर्व अनुभव वांछनीय है।

- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने हेतु वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- अच्छा संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशन या सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु : अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक

परामर्शी शुल्क सीमाः 60,000/– रु. से 1,20,000/– रु. के बीच
**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।*

- इस साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को एनएचएसआरसी में समान दक्षता वाले और उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड की गई भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **01 अक्टूबर, 2020 तक** **recruitment.hct.nhsrc@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में या प्रभावित करने की भावना से किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।